हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

04 इंदौर-नेमावर हाईवे बस स्टैंड चापड़ा पर एजेंट के ...



07 यूसीजी बिल के संशोधन वापस लेने की मांग, प्रधानमंत्री...






## खबर संक्षेप

### सीहोर जिले के 33 दिव्यांगजनों को मिले इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ



**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और इनाली फाउंडेशन द्वारा भोपाल में आयोजित निःशुल्क इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ वितरण शिविर में सीहोर जिले के 33 दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ प्रदान कर लाभान्वित किया गया। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि इस शिविर के लिए इन दिव्यांगजनों ने सीहोर जिला अस्पताल स्थित डीईआईसी पहुंच कर रजिस्ट्रेशन कराया था।

### जनसुनवाई में हुई 46 आवेदनों पर सुनवाई




**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 46 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत और एसडीएम श्री तन्मय वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### केंद्रीय कृषि मंत्री का दौरा कार्यक्रम आज

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 30 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे सीहोर जिले के शाहगंज पहुंचेंगे और सांदीपनी विद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 12:30 बजे बुधनी पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 02 बजे रायसेन के लिए प्रस्थान करेंगे।

# कहीं खुशी, कहीं गम : जावर में गिरे ओले, बुदनी और रेहटी को छोड़कर जिले भर में बारिश से बढ़ी ठिठुरन

### जावर क्षेत्र के खेतों में पहुंचा राजस्व अमला, तहसीलदार बोले: ज्यादा नुकसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। मंगलवार रात से शुरू हुआ बारिश का दौर रुक-रुककर बुधवार सुबह तक जारी रहा, जिससे पूरे जिले में कड़ाके की ठंड का अहसास हो रहा है। विशेष रूप से जावर क्षेत्र में चने के आकार के ओले गिर, वहीं बुदनी और रेहटी को छोडक़र जिले के लगभग सभी हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है। बारिश और ठंडी हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है।

बता दें बीती रात मौसम में अचानक बदलाव हुआ और बारिश का दौर शुरू हो गया। जिले भर में पूरी-पूरी रात रुक-रुककर बारिश होती रही। इधर बारिश की वजह से बुधवार की सुबह पूरा जिला घने कोहरे की आगोश में रहा। सडक़ों पर विजिबिलिटी



इतनी कम थी कि वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर रेंगना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार जिले का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, लेकिन सर्द हवाओं के कारण चुभन वाली ठंड महसूस की गई। लोग ठिठुरन से बचने के लिए अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए।

#### सबसे ज्यादा सीहोर में बारिश

भू.अभिलेख विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में जिले की औसत वर्षा 3.0 मिमी दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्रों के अनुसार सीहोर 10.0 मिमी दर्ज की दर्ज की गई, जबकि आष्टा 3.0 मिमी, जावर 3.0 मिमी, इछावर 3.0 मिमी, भैरुंदा 3.0 मिमी, श्यामपुर 2.0 मिमी दर्ज की गई, जबकि बुदनी व रेहटी में बारिश नहीं हुई। बता दें जिले में 1 जून 2025 से अब तक कुल औसत वर्षा 1112.4 मिमी हो चुकी है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि तक यह आंकड़ा 1192.6 मिमी था।

#### हल्का नुकसान, राहत ज्यादा

बता दें मंगलवार रात वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव के चलते तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। जावर और आसपास के इलाकों में कुछ देर के लिए ओले गिरे। ओलावृष्टि की खबर मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। जावर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा ने बुधवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर फसलों का निरीक्षण किया। तहसीलदार चोरमा के अनुसार निरीक्षण के दौरान किसानों ने बताया कि



ओलों का आकार छोटा था और वे बहुत कम समय के लिए गिरे। वर्तमान स्थिति में नुकसान केवल 1 से 2 प्रतिशत ही है। जिन किसानों के पास सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं थे, उनके लिए यह बारिश अमृत के समान है। हालांकि चने और गेहूं की जिन फसलों में फूल आ रहे हैं, वहां आंशिक नुकसान की संभावना है, लेकिन कुल पैदावार पर कोई बड़ा फर्क नहीं पड़ेगा।

#### छाए रहेंगे बादल

मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि अगले 24 घंटों के दौरान भी जिले में बादल छाए रह सकते हैं और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि यदि खेतों में पानी जमा होता है तो उसकी निकासी की व्यवस्था करें और कीटों के प्रकोप पर नजर रखें।

### सीहोर-भैरुंदा स्टेट हाईवे पर अतिक्रमणकारियों ने लंबे समय से कर रखा था कब्जा, आधा दर्जन कब्जों पर चला पंजा

# चार थाने के 60 पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बीच प्रशासन ने 6 लोगों का हाईवे से हटाया अतिक्रमण

पानी की टंकी से लेकर महाविद्यालय तक करीब आधा दर्जन लोगों द्वारा अस्थाई एवं स्थाई निर्माण कर किये गए अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर उसे जमींदोज कर दिया।


हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर में तेजी से बढ़ते अतिक्रमण पर रोक लगाने के लिए आखिरकार प्रशासन ने मुहिम शुरू कर दी है। बुधवार को नपं और राजस्व विभाग का संयुक्त अमला सीहोर - भैरूंदा स्टैट हाइवे पर स्थित अतिक्रमण हटाने पहुंचा। इस दौरान पानी की टंकी से लेकर महाविद्यालय तक करीब आधा दर्जन लोगों द्वारा अस्थाई एवं स्थाई निर्माण कर किये गए अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर उसे जमींदोज कर दिया।

अतिक्रमण विरोधी इस मुहिम के दौरान सुरक्षा इंतज़ामों को लेकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। लोगों का कहना है कि हाइवे से अतिक्रमण हटाने से यातायात व्यवस्था तो आसान हो गई है। लेकिन बस स्टैंड सहित नगर की मुख्य सड़कें और बाजार में भी अतिक्रमण पसरा हुआ है। इससे नागरिकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। हालांकि नपं का कहना है कि जहां भी अतिक्रमण है उसे चिंहित कर अतिक्रमणकारी को नोटिस दिया जा रहा है। अतिक्रमण विरोधी मुहिम लगातार जारी रहेगी। बुधवार को नगर परिषद और राजस्व विभाग का संयुक्त अमला भारी दल-बल के साथ अतिक्रमण हटाने स्टेट हाइवे पर पहुंचा।



**इछावर।** नगर की कन्या छात्रावास के पास स्थित समीह एग्रो द्वारा इस तरह अतिक्रमण कर रखा था।



**इछावर।** समीह एग्रो द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था कार्रवाई कर हटाया गया।

#### यहां भी पसरा है अतिक्रमण

स्टेट हाइवे पर ही तहसील कार्यालय से दीवड़िया जोड़ तक अतिक्रमण की भरमार है। आलम यह है कि हाइवे के दोनों ओर स्थित दुकानों के सामने दुकानदारों ने टीन शेड डालकर अतिक्रमण कर लिया है। सुबह होते ही दुकानों का सामान शेड में रख दिया जाता है, जिससे यातायात बाधित होता है , और दुर्घटनाएं होती है । इसके साथ ही बस स्टैंड पर कई लोगों ने अस्थाई रूप से घूमटी रख रखी है। जिससे लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इस दौरान तालाब से महाविद्यालय तक करीब आधा किलोमीटर क्षेत्र में स्थित आधा दर्जन लोगों का अतिक्रमण हटाया गया। बताया जा रहा है कि उक्त अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए नपं द्वारा नोटिस जारी किए गये थे , लेकिन अतिक्रमणकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया था। हाइवे पर अतिक्रमण होने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी, साथ ही हादसे भी हो रहें थे।

लोगों द्वारा प्रशासन ने लगातार अतिक्रमण हटाने की मांग की जा रही। लेकिन अतिक्रमणकारियों को राजनीति संरक्षण प्राप्त होने के कारण प्रशासन इनके खिलाफ कार्रवाई करने में गुरेज कर रहा था।

#### इनके अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

प्रशासन द्वारा अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाकर जिन लोगों का अतिक्रमण हटाया गया है उनमें जितेंद्र पवार, अजीज खा पिता अब्दुल अजीज, ललित वर्मा पिता बलदेव, राहुल पिता रमेश, ननूलाल , नूर खा आदि के बताए गए हैं। कार्रवाई के दौरान नपं और राजस्व अमले के साथ ही इछावर , भैरूंदा , सीहोर और गोपालपुर थाने के 60 से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद थे।

#### चिन्हित कर हटाया जा रहा है अतिक्रमण

हाइवे पर स्थित अभी 6 लोगों का अतिक्रमण हटाया गया है। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। नगर में जहां भी अतिक्रमण है उसे चिन्हित किया जा रहा ।

**धर्मराज यादव,** सीएमओ

### यूजीसी के नए नियमों के विरोध में सामान्य वर्ग आया मैदान में

# नियमों में संशोधन एवं सामान्य वर्ग के हितों के संरक्षण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

यूजीसी के नए नियमों के विरोध में स्थानीय सवर्ण समाज ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में मैदान में आया। प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर नियमों पर पुनर्विचार करने और इसमें सामान्य वर्ग के हितों की सुरक्षा हेतु स्पष्ट प्रावधान जोड़े जाने की मांग की गई।

गुरुवार को ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में सामान्य वर्ग द्वारा प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन स्थानीय तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव को सौपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि भारत सरकार के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी किए गए नए नियम शिक्षण संस्थानों में समानता के अधिकार की मूल भावना के विपरीत प्रतीत होते हैं। नए नियमों में अनुसूचित जाति जनजाति ओबीसी और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा की बात तो कही गई है किंतु सामान्य वर्ग (सवर्ण) के छात्रों और शिक्षकों के साथ होने वाले संभावित भेदभाव या उत्पीड़न की पूरी तरह अनदेखी की गई है। नए नियमो में संस्थान प्रमुखों पर सीधी जिम्मेदारी डालने से वे कानूनी कार्रवाई के डर से योग्यता के स्थान पर दबाव में निर्णय ले सकते हैं जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। ज्ञापन में बताया गया कि भेदभाव रोकने के नाम पर जो कड़े प्रावधान किए गए हैं उनका दुरुपयोग सामान्य वर्ग के मेधावी छात्रों और निष्पक्ष अधिकारियों को डराने या झूठे मामलों में फंसाने के लिए किया जा सकता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुसार कानून के समक्ष सभी समान हैं। अतः ऐसे नियमों की आवश्यकता है जो बिना किसी जातिगत आधार के सभी वर्गों के लिए समान सुरक्षा प्रदान करें।

ज्ञापन में मांग की गई कि इन नियमों पर पुनर्विचार किया जाए और इसमें सामान्य वर्ग के हितों की सुरक्षा हेतु स्पष्ट प्रावधान जोड़े जाएं। यदि ये नियम एकतरफा और भेदभावपूर्ण हैं तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। नही तो सामान्य वर्ग एक बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होगा।

### राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन व मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण हुआ आयोजित

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्थ वर्कस का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सभी को लू, शीतलहर एवं वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों एवं इनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जलवायु परिवर्तन से होने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया द्वारा वर्कस को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओ को बताया गया जलवायु परिवर्तन के खतरों से प्रतिरक्षा के लिए घर-घर जाकर किस प्रकार नागरिकों को जागरूक किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. रूचिरा उईके उपस्थित थीं।

### नीता सोनी स्वर्णकार समाज महिला मंडल की जिला अध्यक्ष मनोनीत



**नलखेड़ा।** सम्पूर्ण भारतीय स्वर्णकार महिला संगठन (श्रेष्ठा) के तत्त्वाधान में इन्दौर में आयोजित प्रदेश स्तरीय महिला संगठन के कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती विमला धूपड़ के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। जिसमे नगर की श्रीमती नीता अनिल सोनी को आगर जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के लगभग 15 जिला से स्वर्णकार समाज की महिलाएं शामिल हुई। जिसमें समाज की महिलाओ को जिला स्तर पर विभिन्न पदों का दायित्व सोपा गया। इसी क्रम में स्वर्णकार समाज महिला मंडल जिला आगर मालवा की जिला अध्यक्ष नीता अनिल सोनी को मनोनीत किया गया। जिला पदाधिकारियों में श्रीमती राजकुमारी स्वर्गीय मनोहर सोनी को जिला संगठन मंत्री श्रीमती अलका मनीष सोनी को उपाध्यक्ष श्रीमती भावना ब्रजेश सोनी को सचिव ज्योति ऋतुराज सोनी को सह सचिव नमिता जगदीश सोनी को कोषाध्यक्ष मनोनीत कर नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। समाज के सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को श्रेष्ठा संस्था तथा स्वर्णकार समाजजनों द्वारा बधाई दी गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विमला धूपड़ ने कहा कि मुझे विश्वास है आप हम सब समाज को संगठित और एक नए मुकाम पर ले जाएगी।

### अभा यादव महासभा अहिर की जिला व तहसील कार्यकारिणी घोषित

# बाबूलाल जिलाध्यक्ष व कनीराम मीडिया प्रभारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़

अखिल भारतीय यादव महासभा अहिर की जिला आगर (मालवा) इकाई की जिला, तहसील एवं विस्तृत कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है।

यह घोषणा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक यादव, प्रदेश अध्यक्ष कमलेश यादव, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष देवीसिंह यादव एवं मुख्य संगठन मंत्री रामगोपाल यादव की सहमति से की गई। जिला अध्यक्ष बाबूलाल यादव द्वारा समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समाजजनों की अनुशंसा पर नई



कार्यकारिणी का गठन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी कनीराम यादव ने बताया कि घोषित सूची में निर्मलसिंह यादव, अमरसिंह यादव, श्रीराम यादव, दिनेश यादव, पन्नालाल यादव पटेल, लालनसिंह यादव, पर्वतसिंह यादव, रामेश्वर यादव, शांतिलाल यादव, अर्जुन यादव, हरकिशन यादव, सत्यनारायण यादव, शिव यादव, पंचमसिंह यादव, चन्द्रसिंह यादव, बनेसिंह यादव, देवीसिंह यादव, कालूसिंह यादव, गोकुलसिंह यादव पटेल एवं देवेंद्रसिंह यादव पटेल को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिला महामंत्री पद पर अमरसिंह यादव, केसरीसिंह यादव, चन्द्रसिंह यादव, बाबूलाल यादव सरपंच, रामेश्वर यादव, रामलाल यादव, नारायणसिंह यादव, फुलसिंह यादव सहित अन्य को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं महेश यादव, पवन यादव, शिवनारायण यादव, भगवानसिंह यादव, सुन्दर



यादव, विक्रम यादव, दिनानाथ यादव, बलवंतसिंह यादव को जिला मंत्री बनाया गया है। जिला प्रवक्ता व संगठन पद श्री शेरराम यादव को जिला प्रवक्ता तथा अमरसिंह यादव को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। तहसील अध्यक्ष घोषित आगर, बड़ौद, नलखेड़ा एवं सुसनेर तहसीलों के लिए भी पदाधिकारियों की घोषणा की गई है।

रामेश्वर यादव को तहसील अध्यक्ष आगर, कालूसिंह यादव को तहसील अध्यक्ष बड़ौद, शिवनारायण यादव को तहसील अध्यक्ष सुसनेर, जबकि सुन्दर यादव को उपतहसील अध्यक्ष बड़ौद बनाया गया है। संगठन को मिलेगी मजबूती जिला अध्यक्ष बाबूलाल यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी समाज को संगठित कर सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक स्तर पर मजबूती प्रदान करेगी।

**खबर संक्षेप**

### चिकन, मांस, मछली व पशुवध गृह, दुकानें रहेंगीं बंद

**देवास।** शुक्रवार 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस के अवसर पर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त पशु वध ग्रह एवं चिकन, माँस मटन एवं मछली विक्रय की दुकाने एवं समस्त प्रकार के नानवेज होटल बंद रहेंगें उक्त निर्देश गांधी जी के निर्वाण दिवस पर शासन निर्देशानुसार आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा निगम स्वास्थ्य निरीक्षक हरेन्द्रसिह ठाकुर को शहर के समस्त चिकन मटन, मछली विक्रय की दुकानें बंद रखने के सूचना पत्र दिये जाने के निर्देश दिये।आयुक्त के निर्देश के पालन में स्वास्थ्य निरीक्षक हरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि सभी व्यवसायकों/ होटल, दुकानों के संचालकों को सूचना पत्र दिये गये है। 30 जनवरी को उक्त दुकानें/ होटलें खुली पाई जाती हैं तो नियमों के अनुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी।

### पुलिसकर्मी को आटो रिक्शा से मारी टक्कर

**देवास।** शहर के औद्योगिक क्षेत्र थाना के पास सर्विस रोड पर बुधवार देर रात सनसनीखेज वारदात हुई। पुलिस के अनुसार रात करीब 1.30 बजे सर्विस रोड पर आटो रूका, जिसमें तेज आवाज में गाने बज रहे थे। गानों की आवाज आने पर थाने में ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक विनोद जायसवाल व अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और आटो में बैठे युवकों से देर रात वहां घुमने का कारण पूछा। इसपर युवकों ने पुलिसकर्मियों से हुज्जत की भागने लगे। तभी प्रधान आरक्षक ने आटो रोकने का प्रयास किया, तो आटो चला रहे युवक ने उन्हें आटो से टक्कर मार दी और भाग निकले। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए प्रधान आरक्षक को तत्काल अन्य पुलिसकर्मियों ने जिला अस्पताल भेजा। जिला अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें इंदौर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।
मिली जानकारी के अनुसार टक्कर से उनकी पसलियां टूट गई हैं। मामले में पुलिस ने आरोपित आकाश अंबोरे, भावेश विश्वकर्मा व चेतन धाकड़ के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

दबंगाई दिखाकर पैसे की मांग करने व मारपीट करने वाले को किया गिरफ्तार

# इंदौर-नेमावर हाईवे बस स्टैंड चापड़ा पर एजेंट के नाम पर की थी दबंगई

दबंगई और दादागिरी कर शराब पीने के पैसे की मांग की, नहीं देने पर मारपीट की और चाकू लेकर मारने दौड़े तथा जान से मारने की दी थी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



19 जनवरी को फरियादी रोहित उर्फ नाना यादव निवासी चापड़ा ने थाने में रिपोर्ट किया कि वह 19 जनवरी को उसके भाई राहुल पोसवाल की दुकान के सामने शाम 7:30 बजे करीब बस स्टैंड चापड़ा पर खड़ा था कि उसी समय चापड़ा बस स्टैंड पर एजेंटी करने वाले रमेश उपाध्याय अपने दोनों लड़कों और चुन्नू उर्फ अर्ष उपाध्याय और अजय उपाध्याय को तथा एक अन्य को साथ लेकर आया और बदमाशों ने दबंगई और दादागिरी करते हुए शराब पीने के पैसे की मांग की नहीं देने पर थप्पड़ मुक्की से मारपीट की और चाकू लेकर मारने दौड़े तथा जान से मारने की धमकी दी गई। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कमलापुर पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक देवास श्री पुनीत गहलोत द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सृष्टि भार्गव के निर्देशन में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जनसिंह मीना के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया ।टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबीर तंत्र सक्रिय कर आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में रमेश पिता कुंज बिहारी उपाध्याय उम्र 60 साल निवासी बागली, चुन्नू और अर्ष पिता रमेश उपाध्याय उम्र 23 साल निवासी बागली शामिल है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीना, प्रआर सचिन कश्यप, सत्य प्रकाश मिश्रा, अर्जुन सिंह राव, आरक्षक अरुण वर्मा, महिला आरक्षक वंदना प्रजापति की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

# अग्नि दुर्घटनाओं पर एक दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला आयोजित

**विद्यार्थियों को दी जानकारी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में अग्नि दुर्घटनाओं से संबंधित एक दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन विक्रम सभा भवन, देवास में किया गया। उक्त कार्यशाला में मुख्य अतिथि संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मनीषा मिश्रा उपस्थित रहीं। कार्यशाला के प्रथम सत्र में आग के प्रकार व उसे बुझाने की विभिन्न विधियों के बारे में चरनसिंह राजपूत, सब इंस्पेक्टर फायर स्टेशन इन्दौर द्वारा जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट डॉ. मधु राजेश तिवारी द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। तृतीय सत्र में अनुभव चन्देल, फायर ऑफिसर नगर निगम देवास द्वारा अग्निशमन संबंधी सम्पूर्ण उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई एवं प्रतिभागियों को प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया। चतुर्थ सत्र में अग्नि दुर्घटना के दौरान सीपीआर का महत्व व अभ्यास प्रशिक्षार्थियों को रोहन रायकवार, प्लाटून कमाण्डर द्वारा कराया गया। इस कार्यशाला में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन और स्थानीय प्रशासन की टीम, एन.सी.सी. कैडेट्स, सिविल डिफेन्स वॉलेंटियर, होमगार्ड व एसडीईआरएफ की टीम सम्मिलित हुई। मुख्य अतिथि अंशु जावला ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और लोगों को अधिक से अधिक जागरूक रहने का आह्वान किया। प्रतिभागियों को आपदा किट एवं प्रमाण पत्र वितरित कर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट द्वारा समस्त अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

### मध्याह्न भोजन प्रभारी समेत तीन को बर्खास्त करने दिए नोटिस

**देवास।** जिला पंचायत में पदस्थ मध्याह्न भोजन प्रभारी, पूर्व प्रभारी और ऑपरेटर को कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने गम्भीर आर्थिक अनियमितताओ के चलते बर्खास्त करने और एफआईआर के निर्देश दिए।अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी ने बताया कि 23 लाख की आर्थिक अनियमितता के चलते मध्याह्न भोजन प्रभारी अपर्णा जैन, पूर्व प्रभारी आरती किरावर और कंप्यूटर ऑपरेटर अमन व्यास को बर्खास्त करने संबंधित नोटिस और एफआईआर के निर्देश दिए गए। 23 लाख की राशि कूटरचित खातों में डालने पर कार्रवाई की गई। आरती किरावर, क्वालिटी मॉनिटर, राशि रू. 8,53,000/- अपर्णा जैन, क्वालिटी मॉनिटर, राशि रु.2,48,000/-और अमन व्यास, डाटा इंदी आपरेटर राशि रू. 12,29,000/- की राशि की आर्थिक अनियमितता की गई।

### कलेक्ट्रेट में पदस्थ लिपिक जिनवाल हुए सम्मानित



**देवास।** कलेक्टर कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक के पद पर पदस्थ दिनेश जिनवाल का उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए कलेक्टर ऋतु राज सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक दिनेश वर्मा, अनिल जोशी, मनीष श्रीवास्तव,प्रियंका शर्मा,वर्षा, चांदनी वर्मा,रितेश राव,रोहित आर्य,अशोक जिनवाल,बंशीलाल चौहान,रमेश चंद्रावत, मनीष खत्री, सौरभ जैन, तृप्ति बेस, श्रीकांत वर्मा, योगेश शवाह, धर्मेंद्र, हरिराम, पंकज चौहान, धर्मेंद्र जोशी, दिनेश भगत, सोहिल खान, किशोर रावत समस्त कर्मचारियों द्वारा हर्ष व्यक्त कर शुभकामना दी एवं मिठाई वितरित की गई।

# डिलीवरी के बाद घर लौट रहा परिवार हुआ सड़क हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



जिला अस्पताल से डिलीवरी के बाद छुट्टी कराकर पने परिजनों के साथ भोरासा जा रहा एक परिवार गुरुवार को सड़क हादसे का शिकार हो गया। भोपाल चौराहे के आसपास तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात ट्रक चालक ने पीछे से उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार पलट गई। हादसे में कार सवार चार महिलाएं व एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान मौके से गुजर रहे कांग्रेसी नेता मनोज राजानी ने अपनी निजी गाड़ी से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है।हादसे में घायल हुएगोवर्धन देवड़ा, पत्नी मीरा बाई देवड़ा, पुत्र गौरव देवड़ा, बेटी कीर्ति पति योगेश देवड़ा,तारा बाई पति हरिशंकर देवड़ासभी घायल मक्सी क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# बालगढ़ के सांदीपनि विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में सांदीपनि विद्यालय बालगढ़ देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवास अजय प्रकाश मिश्र ने यातायात व्यवस्था एवं कानून के संबंध में जानकारी देते ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने, वाहन का बीमा कराने के लिए विशेष रूप से समझाइश देकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।

इसी के साथ ही नशे से दूर रहकर अपने आने वाले कल को किस तरह उज्जवल बना सकते है और एक अच्छे व ईमानदार व्यक्ति की तरह जीवन यापन कैसे कर सकते हैं इस बारे में भी विशेष रूप से छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं एवं कक्षा 10वीं/12वीं में टॉपर रहे छात्र, छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी हरीसिंह भारती, प्राचार्य देवेंद्र बंसल, विद्यालय स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

# जिले के अन्नदाता की मेहनत पर प्रकृति ने फेरा पानी, किसानों की फसल हुई बर्बाद, राजस्व टीम ने किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

किसान फसलों के सही दाम न मिलने से पहले से ही परेशान है। प्रकृति ने भी इसमें कोई कसर नहीं छोड़ी है। 27 जनवरी शाम को हुई तेज ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसल बहुत हद तक बर्बाद हो चुकी है।

बर्बाद फसल को लेकर किसान काफी चिंतित है, क्योंकि महंगे दाम पर बीज खरीद कर किसानों ने फसल की बोवनी की थी। तीन महीनों की मेहनत पर 20 मिनट की ओलावृष्टि ने पानी फेर दिया। बागली तहसील के चापड़ा भमोरी क्षेत्र मे भारी नुकसान हुआ है।

भमोरी क्षेत्र में तेज ओलावृष्टि होने से प्याज लहसुन मक्का गेहूं की फसल नष्ट हो चुकी है। जब हमारी टीम ने किसानों के खेतों में जाकर देखा तो पूरी तरह फसल बर्बाद हो चुकी थी। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा खेतों पर जाकर नष्ट हुई फसलों का निरीक्षण किया जा रहा है। किसानों की मांग है कि सरकार नष्ट हुई फसलों का तत्काल सर्वे करवाकर मुआवजा एवं बीमा राशि दिलाई जाए।

गुनेरा के किसान किशोर पाटीदार ने बताया कि लगभग दो बिघा के गेहूं आड़े पड़ गए है। किसान गोरी शंकर पाटीदार के चार बीघा,बलराम जाट के तीन बीघा के भी गेहूं आड़े पड़ गए है। वर्तमान में सभी फ़सल अब अंतिम दौर में है, जो कि 80 प्रतिशत पक चुकी है। गोवर्धन पाटीदार पुर्व जिला अध्यक्ष भारतीय किसान संघ ने सरकार से मांग की है कि जिन किसानों कि फसल नष्ट हुई है उन्हें मुआवजा व बीमा राशि दी जाए।

### दल ने किया निरीक्षण

विगत दिनों हुई तेज बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फैसले खराब हुई है। ग्राम अमरपुरा में तेज बारिश व ओलावृष्टि से कई किसानों की गेहूं की फसल आड़ी हो चुकी है। जिससे किसानों के अनुसार गेहूं की फसल में अब उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। प्रशासन के निर्देशन पर राजस्व टीम द्वारा प्रभावित किसानों के खेतों पर पहुंचकर खराब हुई फसलों का निरीक्षण किया जा रहा है ।

इसी के चलते गुरुवार के दिन कृषि विस्तार अधिकारी, सुखराम बारूड ,आरती राठोड़, बीमा कंपनी से कपिल पाटीदार, सुनील पाटीदार, किसान जोगेंद्र सिंह सेंधव के खेत पर पहुंचे जहां पर गेहूं की फसल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सरवन सिंह सेंधव, कैलाश सिंह सेंधव सहित अन्य किसानों के खेतों में फसलों में जो नुकसान हुआ है वहां का निरीक्षण किया गया। सुखराम बारोट ने बताया कि उक्त जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी।

ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान पर किसान कांग्रेस ने किया दौरा

# तत्काल राहत और मुआवजे की मांग, दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने बुधवार को पूर्व रात्रि हुई ओलावृष्टि के कारण हुई फसल के नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नाम एक पत्र कलेक्टर ऋतुराज सिंह को सौप एवं हाटपिप्लिया विधानसभा के ग्राम देवगढ़ हाथीगुराड़ीया व अन्य गांवो का विश्वजीत सिंह चौहान ने प्रभावित किसानों के साथ जाकर खेतों का निरीक्षण भी किया जिसमें मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि जिले में 27 जनवरी को मौसम के अचानक बदले मिज़ाज के कारण तेज वर्षा एवं ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। जिले की हाटपीपल्या, चापड़ा, बागली, सोनकच्छ एवं अन्य तहसील तथा ग्रामों में गेहूं,चना एवं अन्य रबी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं।देवास किसान कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों से प्रत्यक्ष संवाद एवं क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि अनेक किसानों की खड़ी फसलें गिर चुकी हैं एवं कई स्थानों पर फसल पूरी तरह खराब हो चुकी है। कुछ किसानों ने कटाई की तैयारी की थी, लेकिन प्राकृतिक आपदा के कारण उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर गया है।किसान कांग्रेस ने मांग की, कि जिले के प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल विशेष गिरदावरी/सर्वे कराया जाए। फसल नुकसान का आंकलन सच्चाई एवं वास्तविक क्षति के आधार पर किया जाए, केवल औपचारिकता न हो।प्रभावित किसानों को प्रति हेक्टेयर उचित एवं त्वरित मुआवजा बिना किसी देरी के प्रदान किया जाए।फसल बीमा से जुड़े मामलों में बीमा कंपनियों को तत्काल भुगतान के स्पष्ट निर्देश दिए जाएं। अगर किसानो के साथ उचित न्याय नहीं हुआ तो जल्द किसान कांग्रेस किसानो के साथ मिलकर एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का घेराव करेंगी। इस अवसर पर किसान नेता गब्बर चौहान, जितेंद्र गोठी, विजेंद्र सिंह मुरादपुर, बृजपालसिंह राजावत, श्रवण सिंह चौहान, भेरू सिंह, योगेंद्र सिंह, लाखन सिंह, जितेंद्र मुकाती आदि किसान साथी एवं किसान कांग्रेस के साथी उपस्थित हुए।

# पुरस्कार वितरण व विदाई समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरासा में वार्षिक गतिविधियों के पुरस्कार वितरण के साथ कक्षा 10 वीं एवं 12वीं के छात्रों को विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार जोशी विशेष अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेंद्र चौधरी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय जोशी ने अपने उद्बोधन में पुरस्कार प्राप्त सभी छात्रों को बधाई देते हुए कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के छात्रों को बोर्ड परीक्षा में अधिक मेहनत एवं सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि कठिन परिश्रम कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है। अतिथि नगर परिषद उपाध्याय जय सिंह राणा के द्वारा भी सभी बच्चों को बधाई दी गई। प्राचार्य डॉ. राजेंद्र चौधरी ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का बेज लगाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गणेश गिरी गोस्वामी ने किया। विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन शिक्षक नरेन्द्र सिंह परमार ने किया। इस अवसर पर राजेश निगम, मनीष कुमार लाहोटी,प्रवीण परमार,रचना पंवार, सरोज कुमरावत, प्रीति दीक्षित,रंजना, शाकिर, नवीन परमार,उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार जया वर्मा ने माना।

खबर संक्षेप



## नेशनल मास्टर्स स्विमिंग में अरविंद ने शानदार प्रदर्शन कर तीन पदक जीते

**ललितपुर।** महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित 8वीं नेशनल मास्टर्स स्विमिंग चैंपियनशिप 2026 के दूसरे दिन भी ललितपुर जनपद के तैराक अरविन्द कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए पदकों की झड़ी लगा दी। 35+ आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे अरविन्द कुमार ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन, 200 मीटर फ्री-स्टाइल में सिल्वर मेडल तथा 100 मीटर फ्री-स्टाइल में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी व्यक्तिगत क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही टीम इवेंट में अरविन्द ने 4 बाई 50 मीटर फ्री-स्टाइल रिले की 120-160 वर्ष आयु वर्ग स्पर्धा में अपनी टीम के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। लगातार दो दिनों तक उम्दा प्रदर्शन करते हुए अरविन्द कुमार ने प्रतियोगिता में कुल चार पदक जीतकर प्रदेश और जनपद ललितपुर को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिलाया।

## पुलिस ने गश्त के दौरान 20 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत युवक को दबोचा

**ललितपुर।** सदर चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान बीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। चौकी इंचार्ज उ.नि. प्रशान्त राणा ने बताया कि वह अपने हमराह कां.देवेन्द्र कुमार व कां.दिलीप कुमार के साथ गोविन्दनगर तिराहा पर गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर ने आकर बताया कि लकडयापुरा में मुन्ना पहलवान के घर के पास खाली प्लाट में प्लास्टिक की बोरी लिये खड़ा है, जिसमें अवैध शराब है और वह शराब बेच रहा है। सूचना मिलने पर चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दविश दी। मौके से मोहल्ला रैदासपुरा में रहने वाले सुनील कुशवाहा पुत्र खेतसिंह कुशवाहा को धर दबोचा। पुलिस ने उसके पास मौजूद बोरी से एक प्लास्टिक की पॉलीथीन बरामद की, जिसमें करीब 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## पुलिस से शिकायत अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम हीरापुर हनुपुरा में रहने वाली बागवेन्द्र पुत्र सुखमाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 17 जनवरी को रात करीब 2 बजे उसके पिता सुखमाल पुत्र रज्जूलाल लोधी अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 4097 से स्टेशन अपने रिश्तेदार को छोड़कर घर हीरापुर लौट रहा था। वह मन्नू पेट्रोल पम्प के पास मृगासन देवी मंदिर के पास पहुंचे ही थे कि तभी अज्ञात वाहन ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुये जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## अज्ञात वाहन टक्कर लगने के बाद पूरी रात पड़ा रहा था रोहित

**ललितपुर।** पुलिस चौकी राजघाट क्षेत्रांतर्गत रानीपुरा निवासी कृष्णभान सिंह पुत्र संतोष यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 8 दिसम्बर 2025 की रात करीब 11 बजे उसका भाई रोहित यादव पुत्र संतोष न्यू मार्केट राजघाट से मोटर साइकिल संख्या एम.पी. 09 एन.ई. 2069 से घर वापस आ रहा है, जहां राजघाट रोड परियोजना पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजघाट मोड से गुजरने वाले गये अज्ञात वाहन ने रोहित यादव को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके बाद रोहित यादव घायलावस्था में वहां पड़ा रहा। अगले दिन रोहित को घायल अवस्था में 9 दिसम्बर को परिजनों को सूचित किया गया। परिजनों ने मौके पर पहुंच कर उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### युवा ब्राह्मण महामंडल, क्षत्रिय महासभा व जैन समाज ने किया प्रदर्शन

# यूसीजी बिल के संशोधन वापस लेने की मांग, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

यूजीसी कानून को काला कानून बताते हुये सामाजिक असंतुलित होने का आरोप लगाते हुये प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा है।

युवा ब्राह्मण महामण्डल, श्री दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने एकजुट होकर यह ज्ञापन भेजा है। संगठनों ने लामबंद होकर बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तावित ड्राफ्ट रेगुलेशन/नये नियम देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में गहरी असमानता और भेदभाव उत्पन्न करने वाले हैं। यह कानून अपने वर्तमान स्वरूप में एकपक्षीय प्रतीत होता है, जिसके कारण विशेष रूप से सवर्ण वर्ग के छात्रों का शैक्षणिक और व्यवसायिक भविष्य बाधित होने की स्थिति बन रही है। शिक्षा नीति का उद्देश्य सभी वर्गों को साथ लेकर चलना होना चाहिए, न कि जातियों के आधार पर किसी एक वर्ग के अधिकारों का हनन करना चाहिए। भारत का संविधान समानता, प्रतिनिधित्व और सामाजिक न्याय की भावना पर आधारित है। ऐसे में किसी भी निर्णय समिति का संतुलित बहुवर्गीय और समावेशी होना अनिवार्य है।

### समितियों में सामाजिक संतुलन और प्रतिनिधित्व का अभाव है

इस कानून में यह भी देखा जा रहा है कि नीति निर्धारण और निर्णय समितियों में सामाजिक संतुलन और प्रतिनिधित्व का अभाव है, जिससे इस कानून की ड्राफ्टिंग पर निष्पक्षता को लेकर प्रश्न चिह्न खड़े होते हैं। सामान्य जातियों को स्थाई शोषक वर्ग मानते हुये थोपे जा रहे हैं। इस दूरगामी नकारात्मक परिणाम वाले बिल से सवर्णों के साथ भेदभाव किया गया है। आरोप लगाया कि पूर्वाग्रहों और निजी स्वार्थों के कारण झूठी शिकयत करने वालों के लिए किसी भी प्रकार की कार्यवाही न किये जाने का प्रावधान ही झूठी शिकायतों को बढ़ावा देगा। सभी वर्गों ने इस प्रकार के कानून को काला कानून बताते हुये इसे तत्काल वापस लिये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय युवा ब्राह्मण महामण्डल से अध्यक्ष राजेश दुबे, जैन समाज के पदाधिकारी, क्षत्रिय महासभा से जितेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, शिवम पाराशर, डा.शरद तिवारी, विक्की राजा, कपिल नायक भैंसाई, मनीष पाठक, पवन राजा, रवि प्रताप सिंह, अनुज शर्मा, राजीव बबेले, अमित शर्मा, ध्रुव प्रताप सिंह, भूपेन्द्र राजा के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

### छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

# आरएसएस स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर की नृसिंह बस्ती में सकल हिन्दू समाज द्वारा एक विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। शुभारंभ मां भारती की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुआ, जिसके बाद छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सम्मेलन के मुख्य वक्ता कानपुर प्रांत के प्रांत प्रचारक श्रीरामजी थे। उन्होंने कहा कि विश्व में केवल भारत को ही मां का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने भगवान राम के जीवन से उदाहरण दिए, जैसे शबरी के जूठे बेर खाना और जटायु का अंतिम संस्कार करना, जो समरसता के प्रतीक हैं। श्रीराम जी ने कहा कि डा. हेडगेवार ने देश की गुलामी के कारणों पर विचार किया। उन्होंने राम, कृष्ण, सरस्वती और डॉ. अंबेडकर जैसे महापुरुषों का उल्लेख किया, जिन्होंने भारत को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए कार्य किया। उन्होंने प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण को हिन्दू समाज की विजय का उदाहरण बताया और कहा कि भारतीय संस्कृति की योग परंपरा को पूरा विश्व अपना रहा है। प्रांत प्रचारक ने वर्तमान में हिन्दू समाज के सामने कई चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने 'लव जिहाद' को पहली चुनौती बताते हुए इसके प्रति जनजागरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कश्मीर में हुई घटनाओं का जिक्र किया और 'लैंड जिहाद' तथा घुसपैठियों को राजनीतिक दलों द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाने की समस्या पर भी विचार करने को कहा। श्रीराम जी ने धर्मांतरण को तीसरी और जनसंख्या असंतुलन को चौथी प्रमुख समस्या बताया, ध्यान देने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्रह्मकुमारी दीदी चित्ररेखा, भंते, ज्ञानी,सर्वेश्वर धाम महाराज एवं कवि पंकज पंडित उपस्थित रहे।

### राज्यमंत्री के पुत्र द्वारा गाड़ी से युवाओं को रौंदने का मामला

## मृतक शिवेंद्र व घायलों के घर पहुंचे विधायक और जिलाध्यक्ष, मदद का आश्वासन दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखलौन (ललितपुर)

विगत दिनों थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम बरखेरा में राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ की पत्नी कस्तूरी बाई के नाम से पंजीकृत फॉच्र्युनर कार ने बाइक लेकर सड़क किनारे खड़े तीन युवाओं को टक्कर मारकर रौंद दिया था। अंधी रफ्तार से भाग रही फॉच्र्युनर कार की स्पीड इतनी भयावह थी कि टक्कर लगने के बाद बाइक पर बैठे शिवेन्द्र यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि उसके साथ मौजूद अनुज व शंकर यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं ग्रामीणों का आरोप था कि घटना को अंजाम देने के बाद कार चला रहे राज्यमंत्री के पुत्र नरेश पंथ व उनके साथियों जो कि शराब के नशे में चूर थे ने मौके पर एकजुट हुये ग्रामीणों को हथियारो के बल पर धमकाया और भाग गये। इस घटना के बाद जाखलौन पुलिस ने मृतक शिवेन्द्र के चाचा राजपाल यादव की तहरीर पर कार चालक राज्यमंत्री पुत्र नरेश पंथ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं दूसरी ओर अब मृतक शिवेन्द्र यादव व घायल अनुज व शंकर यादव के घर पहुंच कर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा व भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र ने शोकाकुल परिजनों को ढ़ांढस बंधया है।

### मनरेगा बचाओ संग्राम लगातार जारी

## सहरिया बस्ती में पहुंच कर कांग्रेसियों ने लोगों को मनरेगा के बारे में बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले के ब्लॉक जखौरा ग्राम दैलवारा की सहरिया बस्ती में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेस जिला प्रभारी मुकुट सिंह ने मनरेगा बचाओ संग्राम के समर्थन में कहा कि मनरेगा देश के गरीब, मजदूर और ग्रामीण जनता की जीवन रेखा है। केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने की साजिश किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक मनरेगा की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। मनरेगा में न्यूनतम मजदूरी 400 करने की मांग कांग्रेस ने उठाई है क्योंकि इस महंगाई में दी जा रही वेतन बहुत कम है इससे गरीब परिवारों का मजदूरों का भरण पोषण नहीं हो पा रहा है। वहीं मनरेगा जिला प्रभारी जसपाल सिंह ने कहा कि मनरेगा मजदूरों को काम की गारंटी और सम्मानजनक जीवन का अधिकार देता है। सरकार द्वारा बजट में कटौती और नियमों में बदलाव गरीब विरोधी कदम हैं। मनरेगा बचाओ संग्राम के माध्यम से कांग्रेस पार्टी आम जनता की आवाज को मजबूती से उठाएगी। कांग्रेस पार्टी मजदूर का शोषण और उत्पीडऩ नहीं होने देगी वह मजदूरों के काम का अधिकार चाहती है। मजदूरों को करोड़ों कल में यह जीवन दायिनी बनी थी, आज अधिकार को बदला जा रहा है जो मजदूरों के हक में नहीं है। बैठक में जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, जिला महिला अध्यक्ष नेहा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नागेश रजक, गप्पू सहरिया सुनील रजक आदि उपस्थित थे।

### आवास पर प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने सौंपा शोक पत्र

## वरिष्ठ पत्रकार कुंदन पाल की माता के निधन पर प्रेस क्लब दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।

प्रेस क्लब के सदस्य, वरिष्ठ पत्रकार एवं पार्षद कुन्दन पाल की पूज्यनीय माताजी के निधन पर प्रेस क्लब ने गहरा शोक व्यक्त किया है। बुधवार को अमर शहीद पं. गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित हुई। जहां उपस्थित पत्रकार बंधुओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। तत्पश्चात सभी पत्रकारगण उनके आवास पर पहुंचे, जहां पत्रकार कुन्दन पाल एवं उनके परिवारजनों को शोक पत्र सौंपते हुए ढांढस बंधाया। इस दौरान प्रेस क्लब के सरंक्षक पवन संज्ञा, मंजीत सिंह सलूजा, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली, राहुल चौबे, अभय श्रीमाली, बृजेश पंथ, हरीशंकर अहिरवार, अजय तोमर, शिब्बू राठौर, संजू श्रोती, बलराम, अशोक तिवारी, अनूप सेन, सुनील जैन, शुभम् पस्तोर, सुमित रैकवार, अमित संज्ञा, निहाल सेन पटना, आशीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

### सर्वसम्मति से अरविंद परिहार को बनाया युवा जिलाध्यक्ष

# खंगार क्षत्रिय समाज ने मनाया महारानी मणिमाला जौहर दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडावरा (ललितपुर)



महाराजा खेत सिंह खँगार जू देव स्मारक स्थल वीर बानपुर पर महारानी मणिमाला का जौहर दिवस एव दीपदान कार्यक्रम में यूपी समेत मध्य प्रदेश खंगार समाज के लोग शामिल हुये। समाज के लोगों ने निर्णय लिया कि सभी काम सामाजिक एक मंच पर होकर समाज उत्थान पर एक जुट होकर एक रहने पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि मंजू सिंह दीदी क्षत्राणी अनीता के.पी.एम भोपाल विमलेश सिंह प्रांसी के साथ विशिष्ट अतिथि कु. खुशबु राय (डी.एस.पी) हरीप्रकाश सिंह झाँसी गोपाल राय टीकमगढ़, जितेन्द्र सिंह कुण्डेश्वर रामेश सिंह दमन दिवाकर सिंह बाँदा रामचन्द्र महोबा रंजना सिंह वीरेन्द्र सिंह सतीश उरई भुवन राज यशवन्त सिंह प्रकाश चन्द्र वरिष्ठ पत्रकार मड़ावरा जितेंद्र सिंह हमीरपुर रहे। कार्यकम के दौरान वक्ताओं ने सामाजिक एकजुटता व राजनीतिक भागीदारी कर समाज के उत्थान की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि नारी महिला सम्मान हमारी समाज का पूर्व से करती आई है। सम्मान और सतीत्व की रक्षा हेतू खँगार समुदाय की 1600 रानियों दासियों ने 1528 ई में जौहर कर इतिहास में अमर हो गई। इस दौरान एड महेश परिहार धवा सुहेलदेव पार्टी जिलाध्यक्ष तेज सिंह धौलपुरा ताराचन्द्र मिचवारा विजय पारोल तिलोक सिंह बर्खिरिया सुनील परिहार सीताराम परिहार भान सिंह दरोगा जी केहर सिंह वीर पजन सिंह पड़वा मनोज परिहार उरई बुंदेली आईडियल गायक अंकित परिहार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामस्वरूप भैयान खँगार प्रधान छपरट द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन मेघनाथ खँगार सपा प्रदेश सचिव ने किया।आभार ट्रस्ट अध्यक्ष सन्तोष परिहार छिल्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान खँगार समाज द्वारा सर्वसम्मति से समाज के उत्थान हेतू युवा वर्ग से युवा जिलाध्यक्ष का चयन किया गया।जिसमें अरविंद परिहार को नई जिम्मेदारी सौपी गई।और समाज हित उत्थान जैसे कार्य कर समाज के विकास हितों की रक्षा कर आगे बढ़ाने की जैसे दायित्व सौपे गये।

## शिवसेना एकनाथ शिंदेगुट के नगर अध्यक्ष बने हर्ष जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में शिवसेना शिंदेगुट के विस्तार मैं आई तेजी शिवसेना के जिला अध्यक्ष राकेश नामदेव जिले से लेकर गांव-गांव जाकर कर रहे संपर्क सदस्यता अभियान नियंत्रण चल रहा है युवा बड़ चढ़कर ले रहे हिस्सा शिवसेना की पहल से युवाओं में जोश आ गया जिला कार्यकारिणी निरंतरण सक्रिय दिखाई दे रही है सदस्यता अभियान भी सुचारू रूप से जारी है ललितपुर नगर की जिम्मेदारी हर्ष जैन शिवाजी को सौंपी गई है युवा नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर शुभकामनाएं दी। साथ ही कार्यक्रम का आयोजन 31 जनवरी शनिवार को सुबह 11 बजे स्थान नेहरू महाविद्यालय के बगल में बड़ी नहर पर से शिवसेना एकनाथ शिंदेगुट का नगर भ्रमण कार्यक्रम एवं शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। शिवसेना शिंदेगुट के जिला अध्यक्ष राकेश नामदेव ने आह्वान किया है कि निर्धारित समय 11 बजे नेहरू नगर महाविद्यालय से घंटाघर होते हुए श्री तुवन मंदिर से श्री क्षेत्रपाल मंदिर से रेलवे स्टेशन होते हुए जिला कार्यालय आजादपुरा ललितपुर में संपन्न होने की सूचना प्राप्त हुई है।

## जमीन पर अवैध कब्जा करने से रोकने पर मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।

निकटवर्ती ग्राम मैनवार में रहने वाले विनोद रजक पुत्र बन्धु ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

बताया कि वह दिव्यांग है, जिस पर वह अपने भाई वीरन की 0.75 डि. यानी 1.5 एकड़ की जमीन जो कि गांव मैनवार में है। जिस पर उसकी जमीन से लगी भबूदी पुत्र हल्कू की जमीन भी लगी है। आरोप है कि उक्त लोग पीड़ित की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं, जिसकी जानकारी होने पर वह अपने भाई के साथ मौके पर पहुंचा और विरोध किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। 27 जनवरी की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर के बाहर बैठा था, तभी भबूदी का पुत्र तिलक आया और बिना कारण गालियां देते हुये मारपीट करने लगा और जमीन उसके नाम न करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत चौकी बिरधा में की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### छत पर गंदगी फेंकने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बिरधा क्षेत्र में रहने वाले जयराम साहू पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 26 जनवरी को उसकी मां जानकी साहू छत पर गयी तो वहां काफी गन्दगी पड़ी थी। जब उन्होंने पड़ौसी अवधेश पांचाल पुत्र रामदीन पांचाल के मकान से थूका जाता रहा। बताया कि जब उसकी मां ने पान-मसाला, गुटखा, सिगरेट, शराब की बोतल फेंकने और थूकने से मना किया तो उक्त लोगों ने उसकी मां को धक्का मारकर गिरा दिया, जिससे उसकी मां को हाथ-पैर में चोटें आयीं।

### साइबर क्राइम सेल जखौरा पुलिस टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

# लोगों को साइबर क्राइम से बचाव करने के लिए उपाय बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में जिले के थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में आमजन-मानस को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक कर साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी देकर साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया।

किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ड्डश्चश्च ही स्रश2ठ्ठद्यशड्डस्र करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई डाउनलोड न करें। किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते। किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें। कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें। सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं.1930, सीईआरई पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या बेवसाइड पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बन्धित को जानकारी दी।

## मिशन शक्ति 5.0, पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया



**ललितपुर।** मुख्यमंत्री उप्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति जिले में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तीकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गांव-गांव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान को लेकर जागरुक किया।

फर्जी नामांतरण और पटवारी की एकतरफा रिपोर्ट के दम पर रास्ते पर किया जा रहा कब्जा

# राजस्व व्यवस्था की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न पूर्व मंत्री के परिजन न्याय के लिए परेशान!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा





नगर के सुठालिया चैराहे के समीप स्थित सार्वजनिक रास्ते पर फर्जी नामांतरण और प्रशासनिक मिलीभगत से तैयार की गई एकतरफा जांच रिपोर्ट के आधार पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर चहेते लोगों को अवैध रूप से जमीन का स्वामित्व दिलाया गया, जिसमें राजस्व विभाग के पटवारी रणवीर सिंह झाला और श्रीनाथ पालीवाल की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। इस पूरे प्रकरण में चौंकाने वाली बात यह है कि पीड़ित पक्ष कोई आम नागरिक नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव के परिजन हैं, जो पिछले लंबे समय से न्याय की आस में सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। परिजनों का कहना है कि संबंधित जमीन वर्षों से सार्वजनिक उपयोग में रही है और उस पर कभी किसी का निजी स्वामित्व नहीं रहा, बावजूद इसके रिकॉर्ड में हेरफेर कर फर्जी नामांतरण कर दिया गया और उस पर अब दिन-रात कंन्स्ट्रक्शन का काम चल रहा है।

### बिना रजिस्ट्री के हो गया रास्ते की भूमि का नामांतरण

यदि फरियादी पक्ष की माने तो एक ही जमीन दिखाकर पटवारी ने दो बार नामांतरण कर दिए गए जबकि विवादित रास्ते की कोई रजिस्ट्री नहीं की गई है वह सार्वजनिक है जिस पर भी रणवीर सिंह झाला पटवारी ने कागज प्रमाणित किए वगैर फर्जी नामांतरण कर दिया और उससे भी बुरा हाल श्रीनाथ पालीवाल पटवारी ने किया जिन्होने मात्र 3 विंदुओं पर अपनी जांच रिपोर्ट देकर मामले को एकपक्षीय करने में मदद की। इसके बारे में पीडितों को नहीं बताया गया। जब पीडित अपनी शिकायत लेकर एसडीएम के पास गए तो उन्हें अपील करने की सलाह दे डाली। मतलब जब तक सबंधित मकान बनकर तैयार हो जावेगा और अवैध कब्जा के साथ सार्वजनिक रास्ता खत्म हो जाएगा।

### उठ रहे हैं गंभीर सवाल

- न पीड़ित को सूचना न वकील को बताया और एसडीएम ने जारी कर दिया स्थगन आदेश
- सार्वजनिक रास्ते का नामांतरण किस नियम के तहत किया गया?
- बिना स्थल सत्यापन कैसे तैयार हुई एकतरफा रिपोर्ट?
- दबंगों को संरक्षण देने में किन अधिकारियों की भूमिका?
- क्या पूर्व मंत्री के परिजन होने के बावजूद नहीं मिल रहा न्याय?

### इनका कहना है-

यदि एक ही जमीन को लेकर दो डायवर्सन हुए हैं तो मैं दिखवा लेता हूं।

**गोविंद दुबे**,एसडीएम ब्यावरा

**यह है पूरा मामला**

*ब्यावरा के सुठालिया वायपास चैराहे के पास कमला बाई पत्नि बनेसिंह एवं बनेसिंह पिता वीरमसिंह ने अलग - अलग समय में 2 प्लॉट मेन रोड पर लिए। दोनों मकानों के बीच से 15 वाय 45 का रास्ता था जिससे पीछे लग रही जमीनों व मकानों तक लोगों का आना जाना होता था। इन्हीं प्लॉटों के पीछे राजेश यादव की भी जमीन थी जो कि पूर्व मंत्री के पुत्र हैं। सभी कुछ सामान्य चल रहा था और रास्तें को लेकर कोई परेशानी किसी को नहीं थी परंतु जैसे ही जमीन की मूल मालकिन भगवती बाई 2022 में मौत हुई तभी से बनेसिंह और कमलाबाई ने मिलकर बीच में से निकल रहा रास्तें को बंद करने व अपने अधिपत्य में लेने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। जिस पर राजेश यादव सहित भगवती बाई के परिजनों ने आपत्ति भी जताई। जिस भगवती बाई के परिजनों को एसडीएम कोर्ट से स्टे ऑर्डर भी मिला था। इसके बाद भी पटवारियों ने हेराफेरी कर मामले को सुलझाने की जगह उलझा दियां। यह मामला न सिर्फ राजस्व व्यवस्था की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि प्रभाव और साठगांठ के दम पर किस तरह सार्वजनिक संपति को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक आंखें मूंदे रहता है या फिर निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करता है।*

# मावठे की बारिश से फिर बदला मौसम का मिजाज



**क्षेत्र में सुबह 11 बजे तक छाया रहा कोहरा, पारा 9.5 डिग्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़।

जिले के विभिन्न अंचलों में मंगलवार को गिरा मावठा जहां फसलों के लिए वरदान साबित हुआ है वहीं इस बारिश ने एक बार फिर से आबोहवा में हल्की ठिठुरन बढ़ा दी है। क्षेत्र में कल बुधवार सुबह 11 बजे तक घना कोहरा छाया रहा वहीं हल्की शीतलहर के चलते लोग दिन में ही अलाव से हाथ सेकते नजर आए। हालांकि, बुधवार को जिले का न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री रिकार्ड किया गया लेकिन दिन भर चली सर्द हवाओं के चलते लोग दिन में भी गर्म कपड़े ओढ़-पहनकर अपने को ठंड से बचाते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिन तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा वहीं मावठे की बारिश फिर होने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

### धनिए और मसूर की फसलों को ओलों से नुकसान

मावठे की यह बारिश जहां गेहूं, धनिए, मसूर जैसी फसलों के लिए फायदेमंद बताई जा रही है वहीं कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि के चलते फसलें खराब भी हुई हैं। भोजपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर ओले गिरने के उपरान्त संबंधित क्षेत्रों के किसानों ने प्रभावित फसलों के सर्वे की मांग उठाई है।

### बीते एक हफ्ते में जिले का न्यूनतम तापमान

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| तारीख | तापमान |
|---|---|
| 28 जनवरी | 9.5 |
| 27 जनवरी | 11.6 |
| 26 जनवरी | 6.6 |
| 25 जनवरी | 6.5 |
| 24 जनवरी | 7.4 |
| 23 जनवरी | 13.5 |
| 22 जनवरी | 9.2 |

हर माह समय पर वेतन सहित 7 सूत्रीय मांग का निराकरण न होने पर उठाया कदम

# स्वच्छताकर्मी लामबंद, राजगढ़ के सभी 15 वार्डों में नहीं होगी सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

कलेक्टर दर एवं समय पर वेतन न मिलने सहित अन्य सात सूत्रीय मांगों को लेकर राजगढ़ नगर पालिका से संबद्ध सभी सफाईकर्मी बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं।

इस हड़ताल के संबंध में सफाईकर्मियों द्वारा दो दिन पूर्व मंगलवार को ही नगर पालिका सीएमओ को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी मंशा से अवगत करा दिया गया। मांगों के संबंध में नगर पालिका और प्रशासन की तरह से कोई स्पष्ट जवाब न मिलने पर करीब 150 से अधिक स्वच्छताकर्मियों ने यह कदम उठाया है।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वीरू कछवाय एवं राजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष पवन घेंघट ने बताया कि गुरुवार से राजगढ़ नगर के किसी भी वार्ड में साफ-सफाई नहीं की जाएगी।

नगर पालिका प्रबंधन और प्रशासन हमारी बुनियादी मांगों की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है तो हम आखिर कब तक आश्वासनों के आगे झुकते रहेंगे।

### विधायक के आश्वासन पर टली थी हड़ताल

उल्लेखनीय है नगर के सफाईकर्मियों द्वारा आज से प्रस्तावित यह हड़ताल करीब 20 दिन पूर्व उस समय की जा रही थी जब उनका तीन माह का वेतन उन्हें नहीं दिया गया था। बाद में क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया था कि एक हफ्ते में सभी सफाईकर्मियों की दो महीनों की इकट्ठी तनख्वाह खातों में जमा करवा दी जाएगी। विधायक श्री यादव के आश्वासन के बाद भी सिर्फ एक ही महीने की तनख्वाह कर्मचारियों के खाते में डाली गई। ऐसे में कई तरह की आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे स्वच्छताकर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का कदम उठाया है।

### हर माह कलेक्टर दर पर मिले हमें वेतन

हर माह की प्रत्येक 10 तारीख के पूर्व वेतन मिलने की मांग के साथ ही सफाईकर्मियों की प्रमुख मांग यह भी है कि उन्हें कलेक्टर दर पर मानदेय का भुगतान किया जाए। सफाईकर्मियों की उक्त दो प्रमुख मांगों के साथ ही अन्य मांगे भी हैं जिनमें हर वर्ष निर्धारित डेस एवं स्वच्छता से जुड़ी सामग्री प्रदाय, हालिया नियुक्त इंसपेक्टर (दरोगा) के स्थान पर मोहन बारवासिया को उक्त जिम्मेदारी सौंपना एवं सभी सफाईकर्मियों एवं संविदाकर्मियों की सीएल(केज्यूलिटी लीव) जो कुछ सालों से निकाय द्वारा नहीं दी जा रही है, उसे बहाल करना शामिल है।

### इस बार आश्वासन से नहीं मानेंगे हम

स्वच्छताकर्मी संगठन ब्लॉक अध्यक्ष पवन घेंघट ने बताया कि हर बार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी हमें आश्वासन देकर मना लिया करते हैं। हम भी नगर हित को देखते हुए अपने फैंसले बदल लेते हैं लेकिन अब हम खोखले आश्वासनों को नहीं मानेंगे।

# एससी और एसटी के विद्यार्थियों ने ज्ञापन सौंपकर उठाई मांगें

**राजगढ़।** जिले के विभिन्न स्कूलों में गणतंत्र दिवस पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अपमान एवं दलित वर्ग के साथ हुई विभिन्न घटनाओं के विरोध में एससी, एसटी के विद्यार्थियों ने बुधवार दोपहर कलेक्टर एवं एसपी दफ्तर पहुंचकर अपनी मांगों के ज्ञापन सौपे। जिलाधीश के नाम सौंपे गए ज्ञापन में गणतंत्र दिवस पर पीपल्या रसोड़ा, झूमका, गोरियाखेड़ी के स्कूलों में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण न किया जाना, भूमरिया-पपड़ेल में राधेश्याम बैरवा के साथ हुई कथित अभद्रता का भी उल्लेख किया गया। इसके साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग डीईओ पर मनमानी के आरोप विद्यार्थियों ने लगाए हैं। पुलिस एवं प्रशासन से सभी मांगों के संबंध में आगामी 7 दिवस में यथोचित कार्यवाही मांग रखी गई।

# हिंदू सम्मेलन के तहत चल समारोह निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶खिलचीपुर।



खिलचीपुर में बुधवार को हिंदू सम्मेलन के तहत भव्य चल समारोह निकाला गया। सुबह 11 बजे झालावाड़ नाके के पास स्थित लालदास मंदिर से शुरू हुए इस समारोह में एक हजार से अधिक लोग शामिल हुए। महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और युवतियों ने भगवा वस्त्र व पगड़ी पहनकर सहभागिता की।

चल समारोह में डीजे के साथ बजरंग अखाड़ा सबसे आगे था, जहां युवाओं ने शारीरिक संतुलन और साहस के करतब दिखाए। उनके पीछे हिंदू वीरांगना वाहिनी की युवतियों और बालिकाओं ने लाठियों के साथ तलवारबाजी और लाठी के प्रदर्शन किए, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर अनुशासित ढंग से चल रही थीं, जो आयोजन की धार्मिक गरिमा को दर्शा रहा था। घोड़ों पर सवार महिलाओं ने झांसी की रानी का रूप धारण किया था। जबकि एक बच्चे ने शिवाजी महाराज और एक युवती ने रानी दुर्गावती का किरदार निभाया, जो लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

मां भगवती से यज्ञ की निर्विघ्न सम्पन्नता के लिए प्रार्थना की गई

# माता बिजासन की पूजा, पंचम महायज्ञ के लिए इंद्र ध्वज पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

**सारंगपुर।** भैंसवा माताजी में बुधवार को चैत्र नवरात्रि में माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में आयोजित होने वाले पंचम 108 कुंडीय श्री शतचंडी महायज्ञ की सफलता एवं लोककल्याण की मंगलकामना के लिए विधिवत माता बिजासन की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर जगतजननी मां भगवती से यज्ञ की निर्विघ्न सम्पन्नता के लिए प्रार्थना की गई तथा ग्राम में विराजित समस्त देवी-देवताओं का आव्हान किया। ग्राम पटेल भागीरथ प्रसाद नागर ने देवी देवताओं का पूजन परंपरागत तरीके से किया। माता बिजासन की पूजा-अर्चना उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार से यज्ञाचार्य पं इंद्रजीत पाराशर, ग्रामाचार्य ओम प्रकाश पाठक,पंडित अनिल व्यास द्वारा इंद्र देव का आव्हान किया।

# कृषि वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में विकासखंडों में कृषि रथों का संचालन किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना




वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में कृषि एवं संबद्ध विषयों जैसे-पशुपालन, उघानिकी, मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार गुना के समस्त विकासखण्डो में कृषि रथ चलाये जा रहे हैं।

इसी क्रम में खुटियावद, जमरा तथा गाजीपुर के ग्रामों में कृषि रथ में उपस्थित दल द्वारा कृषकों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा इससे होने वाले लाभों से कृषकों को अवगत कराया गया, साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादो के प्रयोग के लिये कृषकों को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्वाईल हेल्थ कार्ड किसानों को वितरित किये गये। कृषकों को नरवाई न जलाने के संबंध में जानकारी दी तथा नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान से कृषकों को अवगत कराया गया।

### तेलंगाना से भटके मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को समाजसेवी ने दिलाया सहारा

**गुना।** गणतंत्र दिवस की रात मुकेश गोयल द्वारा एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के भटके होने की सूचना समाजसेवी प्रमोद भार्गव को दी गई। सूचना मिलते ही प्रमोद भार्गव तत्काल रात मे मौके पर पहुंचे और सबसे पहले उस व्यक्ति को भोजन



कराया।इसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया। पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम आतिश मालपानी माहेश्वरी बताया। वह तेलंगाना राज्य के करीमपुरा का निवासी है। उसने बताया कि उसके तीन भाई और एक बहन हैं तथा वह लगभग दो वर्षों से घर से भटका हुआ है।उपचार के पश्चात उसे अपना घर आश्रम, शिवपुरी में भर्ती करा दिया गया है। जब तक उसके परिजनों का पता नहीं चल जाता, तब तक उसकी देखभाल और इलाज अपना घर आश्रम में किया जाएगा। परिजनों की तलाश कर उसे शीघ्र घर पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। समाजसेवी प्रमोद भार्गव निरंतर निराश्रित एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों की सेवा में सक्रिय रहते हैं और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन देने का कार्य कर रहे हैं।

### निशुल्क पशु चिकित्सा व एंटी-रेबीज शिविर 31 को

**गुना।** उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा हाट रोड स्थित जिला पशु चिकित्सालय, गुना में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 31 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर आयोजित किया जाएगा।

संचालनालय खेल और युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स में राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता

# गुना बालिका वर्ग ने दमोह को तो बालक ने रतलाम को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

संचालनालय खेल और युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में गुना बालिका वर्ग ने दमोह को 4-0 से हराकर पहले मैच में जीत दर्ज कराई।

वहीं बालक वर्ग में रतलाम को 8-0 से हराकर अपनी जीत दर्ज कराई बालिका टीम के कोच के रूप में सुनीता कंवर हॉकी प्रशिक्षक एवं बालक टीम के साथ शरद शर्मा प्रशिक्षक के रूप में सम्मिलित हुए हैं इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के सचिव बृजेश दुबे ने बालक एवं बालिका हॉकी टीम को बधाई दी।इंदौर में आयोजित खेलो एमपी राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में गुना बालक वर्ग में पहला मैच जीता जिसके प्रशिक्षक राजा परिहार, आर्यन शर्मा हैं।खिलाड़ियों की जीत पर संभागीय खेल और युवक कल्याण अधिकारी शर्मिला डाबर जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव अतुल लुंबा, मनोज शर्मा, दुर्गेश सक्सेना, गोविंद सेन, हर्षित यादव, जय कुमार कुशवाहा, शुभम गॉड सहित सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी। खेल और युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में गुना बालिका वर्ग ने दमोह को 4-0 से हराकर पहले मैच में जीत दर्ज कराई। वहीं बालक वर्ग में रतलाम को 8-0 से हराकर अपनी जीत दर्ज कराई। बालिका टीम के कोच के रूप में सुनीता कंवर हॉकी प्रशिक्षक एवं बालक टीम के साथ शरद शर्मा प्रशिक्षक के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के सचिव बृजेश दुबे नेबालक एवं बालिका हॉकी टीम को बधाई दी। इंदौर में आयोजित खेलो एमपी राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में गुना बालक वर्ग में पहला मैच जीता जिसके प्रशिक्षक राजा परिहार, आर्यन शर्मा हैं।



